# हरिभूमि हिसार भूमि

रोहतक, बुधवार, 24 दिसंबर 2025


तापमान
अधिकतम 25 .1 डिग्री
न्यूनतम 5 .5 डिग्री


12 नशे की अंधेरी गलियों से टूटते परिवारों को संबल दे...





12 पीजीआईएसडी में नए सेशन में 800 विद्यार्थियों के नए...




## खबर संक्षेप

### यातायात नियमों पर आधारित परीक्षा दी

**हांसी।** पुलिस जिला हांसी की ओर से मंगलवार को शिक्षा विभाग के सहयोग यातायात नियमों पर आधारित राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल हांसी में पुलिस जिला स्तर की परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में विभिन्न स्कूलों के 189 विद्यार्थियों ने यातायात नियमों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लिया। तथा परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में से रेंज स्तर के लिए कुल 4 टीमें भाग लेंगी। हर टीम में 3 विद्यार्थी शामिल होंगे।

### नियमों के उल्लंघन पर काटे 6 चालान

**हिसार।** नगर निगम द्वारा स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। सीटीएल प्रदीप जाखड़ व जसबीर कुण्डू ने न्यू मॉडल टाउन एक्सटेंशन क्षेत्र में दो के द्वारा डस्टबिन प्रयोग न करने व दो के द्वारा सिंगल यूज प्लॉस्टिक का प्रयोग करने पर चालान किए गया। एएसआई सन्नी ने मॉडल टाउन में एक शोरूम के कारिंदे के द्वारा खुले में कचरा फैलाने व मॉडल में एक व्यक्ति के द्वारा घर का कचरा खुले में डालने पर चालान किए गए।

### 20 बेसहारा पशुओं भेजा गो-अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम प्रशासन द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़े जाने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा रहे। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि निगम की टीम ने मंगलवार को सेक्टर 15, लक्ष्मी विहार, कैमरी रोड, शास्त्री नगर, रॉयल बार के आस-पास के क्षेत्र से 20 बेसहारा पशुओं को पकड़ाकर गो-अभ्यारण भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### गंगवा में 1100 सरुपये बधाई देने पर सहमति

**हिसार।** गांव गंगवा के ग्रामवासियों की किन्नर समाज के साथ मीटिंग हुई। मीटिंग में तय हुआ कि किन्नर समाज किसी को भी 1100 रुपये से ज्यादा रुपये देने के लिए बाध्य नहीं करेगा। अगर कोई व्यक्ति अपनी खुशी से किन्नर समाज को कितने ही रुपये बधाई के तौर पर दे सकता है। किन्नर समाज से कोई भी 1100 से अधिक रुपये बधाई लेने के लिए दबाव बनाए तो सरपंच को सूचना दे।

### राष्ट्रीय काजला खाप ने मनाया स्थापना दिवस

**हिसार।** राष्ट्रीय काजला खाप के स्थापना दिवस के अवसर पर खाप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक भिवानी के एक निजी रेस्तरां में हुई। बैठक में 8 फरवरी को राष्ट्रीय काजला खाप के खाटू श्याम में होने वाले वार्षिक सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई है। बैठक की अध्यक्षता भिवानी के सुप्रसिद्ध शल्य चिकित्सक डॉ कृष्ण काजला ने की। बैठक में खाप के राष्ट्रीय संरक्षक प्रदीप काजला विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### गाड़ी छीनने वाला 5वां आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** थाना बास पुलिस ने चालक के साथ मारपीट कर गाड़ी छीनने वाले एक हजार रुपये के ईनामी पांचवें आरोपी राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के सागरा गांव निवासी सुनील उर्फ मोदी को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक रमेश कुमार ने बताया कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर 2023 में बांडा हेड़ी नहर पुल के पास से रावलवास निवासी अमित के साथ मारपीट कर उसकी गाड़ी छीनकर भाग गये थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## डीसी सहित विभागों के अधिकारी बैठेंगे

# हांसी उपमंडल कार्यालय होगा अब जिला सचिवालय हांसी

**एक दिन पहले जारी हुआ था नोटिफिकेशन**

एडीसी कार्यालय, जमीन के रिकॉर्ड और पंजीकरण के लिए तहसील और उप-तहसील कार्यालय भी बनेगा

**जिला प्रशासन के कार्यालय बनाने और अधिकारियों के बैठने को लेकर मंथन शुरू**

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

हांसी को जिला बनाने का लंबे समय से चला आ रहा सपना आखिरकार साकार हो गया। हरियाणा सरकार द्वारा आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी किए जाने के साथ ही हांसी को प्रदेश का 23वां जिला घोषित कर दिया गया। जिला बनने का नोटिफिकेशन जारी होने बाद मंगलवार को उपमंडल परिसर पर जिला सचिवालय हांसी के रूप में बदल दिया गया।

### अधिकारियों के बैठने को लेकर मंथन शुरू

उपमंडल परिसर पर पेंट करवाकर यहां जिला सचिवालय लिख दिया गया। इसके साथ ही जिला प्रशासन के कार्यालय बनाने और अधिकारियों के बैठने को लेकर मंथन शुरू कर दिया गया है। जिला सचिवालय बनने के बाद डीसी सहित कई विभागों के अफसर यहां बैठेंगे। जिला सचिवालय में जिला उपायुक्त का कार्यालय होगा। इसके अलावा एडीसी कार्यालय, जमीन के रिकॉर्ड और पंजीकरण के लिए तहसील और उप-तहसील कार्यालय भी बनेगा। वहीं लोक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, सिंचाई विभाग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, सामाजिक एवं जन कल्याण विभाग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी (डियो), खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, परिवहन विभाग (आरटीए), जिला कृषि अधिकारी, लीड बैंक, जिला रोजगार कार्यालय यहां स्थापित किए जाएंगे।




हांसी। उपमंडल परिसर कार्यालय पर लिखा जिला सचिवालय हांसी। फोटो : हरिभूमि

### जिला बनने से क्षेत्र में खुशी

जिला बनने का नोटिफिकेशन जारी होने की खबर मिलते ही सोमवार को क्षेत्र में एक बार फिर से खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों ने एक-दूसरे को बधाइयां दीं। आमजन के साथ-साथ राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने इसे हांसी के इतिहास का ऐतिहासिक दिन बताया। बता दें 16 दिसंबर को हांसी विकास रैली के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हांसी को जिला बनाने की घोषणा की थी, जिसे अब औपचारिक रूप दे दिया गया है। लोगों को उम्मीद है कि जिला बनने से प्रशासनिक सुविधाएं बेहतर होंगी और विकास कार्यों में तेजी आएगी।

### कांग्रेस नेता ने किया स्वागत

कांग्रेस नेता और व्यापार मंडल के सचिव राजीव शर्मा ने हांसी को जिला बनाए जाने को स्वागत योग्य कदम बताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में यहां यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज और व्यापारिक गतिविधियों के नए अवसर पैदा होंगे, जिससे युवाओं को लाभ मिलेगा।

### वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई

पूर्व मंत्री सुभाष गोयल के बेटे और कांग्रेस नेता पवन गोयल ने कहा कि हांसी को जिला बनाया जाना क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे सरकार ने पूरा किया है। जिला बनने से अब शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार के क्षेत्र में नए विकल्प खुलेंगे और हांसी का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

### लोग बोले, कामकाज सुगम होगा

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जिला बनने से न केवल प्रशासनिक कामकाज सुगम होगा, बल्कि हांसी जिला बनने पर यहां रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। हांसी को जिला बनाए जाने को लेकर लोगों में भारी उत्साह है और सभी को आने वाले समय में विकास कार्यों की झड़ी लगने की उम्मीद है। वहीं शहर वासी भी लगातार हांसी के पूर्ण रूप से जिला बनने की बधाई दे रहे हैं।

**गाड़ी छोड़ ड्राइवर फरार**

# स्कूल बसों में अवैध रूप से डीजल भर रही निजी गाड़ी पकड़ी

- पुलिस ने अवैध रूप गाड़ियों में डीजल डाल रहे वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू की



रामायण गांव के एक निजी स्कूल की बसों में डीजल भरते पकड़ा गया वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

रामायण गांव में मंगलवार को अवैध ईंधन बिक्री का एक मामला प्रकाश में आया। गांव के पास स्थित एक पेट्रोल पंप के मालिक कमल ने एक निजी गाड़ी को गांव के ही एक निजी स्कूल की बसों में अवैध रूप से डीजल भरते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच अवैध रूप गाड़ियों में डीजल डाल रहे वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बसों में भरा जा रहा था डीजल

पेट्रोल पंप मालिक कमल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पकड़ी गई निजी गाड़ी में डीजल-पेट्रोल निकालने के लिए एक पंप सेट लगाया गया था। इसी पंप सेट के माध्यम से स्कूल परिसर के भीतर खड़ी बसों में डीजल डाला जा रहा था। पेट्रोल पंप मालिक कमल ने बताया कि खुदरा में डीजल-पेट्रोल की इस तरह की बिक्री पूरी तरह अवैध है।

### सुरक्षा मानकों की जांच की जाएगी

मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच गाड़ी में डीजल का सैंपल लिया गया तथा विभाग द्वारा ईंधन की गुणवत्ता, अवैध बिक्री और सुरक्षा मानकों की जांच की जाएगी। फिलहाल, पुलिस और संबंधित विभागों की टीमें गाड़ी मालिक, चालक और स्कूल प्रबंधन की भूमिका की जांच कर रही हैं। पुलिस जांच अधिकारी ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची

उन्होंने बताया कि गाड़ी मालिक को पहले भी इस संबंध में चेतावनी दी जा चुकी थी, लेकिन मंगलवार को उसे दोबारा अवैध तरीके से डीजल भरते हुए पकड़ा गया। मामले की सूचना मिलते ही डायल 112 और सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही अवैध रूप से डीजल लेकर आए वाहन का ड्राइवर अपने वाहन को मौके पर छोड़कर वहां से फरार हो गया।

# सांकेतिक भूख हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के आह्वान हिसार यूनिट नंबर 1 की सभी सब यूनिटों में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में सांकेतिक भूख हड़ताल कर रोष प्रदर्शन किया और बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

भूख हड़ताल की अध्यक्षता सिटी सब यूनिट हिसार के प्रधान सुरेंद्र फौजी ने की व मंच संचालन सब यूनिट सचिव अंकित पूनिया ने किया। मॉडल टाउन सब यूनिट में सुशील ने अध्यक्षता व जगदीश बागड़ी ने संचालन किया।



हिसार। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में ज्ञापन सौंपते यूनियन पदाधिकारी।

टीएंडएस सब यूनिट में नवीन ने अध्यक्षता की व विनोद सैनी ने संचालन किया। इस सांकेतिक भूख हड़ताल व प्रदर्शन को तिलोक शर्मा, प्रताप, रमेश बूरा, प्रदीप, संदीप सिवाच, नरेश वर्मा, ओमप्रकाश, अमित मोर, राकेश, रणबीर, सुनीति, कविता व प्रतीक्षा सहित अनेक कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया।

# चार दिन में दूसरी बार अदालत परिसर से आरोपी फरार

- पुलिस ने 200 मीटर आरोपी का पीछा कर फिर से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

चार दिन में दूसरी बार एक आरोपी अदालत परिसर से फरार हो गया। हालांकि इस बार पुलिस ने मुस्तैदी दिखाई और करीब 200 मीटर आरोपी का पीछा कर उसे दबोच लिया। आरोपी की पहचान सिवानी के रहने वाले राहुल के रूप में हुई है। उस पर एक महिला के घर में घुसकर उसके साथ मारपीट का आरोप है। बता दें कि चार दिन पहले कोर्ट परिसर से चोरी के मामले में एक आरोपी अदालत की पहली मंजिल और फिर कोर्ट परिसर की करीब 10 फुट ऊंची दीवार फांद कर फरार हो गया था। जानकारी के अनुसार सिवानी निवासी राहुल आजाद नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैमरी रोड पर एक महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट करने का आरोपी है और अदालत ने उसे भगौड़ा करार दिया हुआ था। पुलिस के अनुसार आरोपी राहुल ने मंगलवार को खुद ही सरेंडर किया था।



हिसार। आरोपी राहुल को पकड़कर ले जाती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

### आजाद नगर थाने में दर्ज हुआ था केस

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार 6 अप्रैल 2019 को आजाद नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैमरी रोड पर एक महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट की गई थी। आरोप था कि पति के कथित अवैध संबंधों का विरोध करने पर दो महिलाओं ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पीड़िता पर लाठी-डंडों और रॉड से हमला कर दिया

### कोर्ट ने जेल भेजा

अदालत परिसर से चार दिन पहले दीवार फांदकर फरार हुए आरोपी को फिर से गिरफ्तार करने के बाद मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बता दें कि शुक्रवार को चोरी के आरोप में पेश करने लाए आरोपी गैबीपुर निवासी विशाल कोर्ट की छत से कूदकर और फिर 10 फीट ऊंची दीवार से छलांग लगाकर फरार हो गया था। इसके बाद फरार आरोपी के पीछे कई टीमें पुलिस ने लगा दी थी। आरोपी को पुलिस ने सोमवार को जींद के नरवाना रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर किया था।

# सर्कल स्तर पर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

एचएसईबी वर्कर यूनियन की केन्द्रीय परिषद के आह्वान पर विद्युत सदन मुख्यालय पर विद्युत सदन सर्कल द्वारा ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में मंगलवार सर्कल स्तर का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सरकार के नाम का ज्ञापन डीएचबीवीएन/एचवीपीएन के विभिन्न अधीक्षक अभियंताओं को सौंपा गया। यह प्रदर्शन सरकार की प्रस्तावित ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में दो घंटे तक किया गया। अब 30 दिसंबर को मैनेजिंग डायरेक्टर स्तर पर पंचकूला में एक दिन का प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन होगा। प्रदर्शन की अध्यक्षता विद्युत सदन सर्कल सचिव सचिन भाकर ने की और मंच का सफल संचालन टी एस सर्कल सचिव जसवंत ने किया।



### मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स के 8 छात्रों का कैंपस प्लेसेंट

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी में एलाइड मेडिकल सिस्टम्स/एलाइड मेडिकल लिमिटेड, गुरुग्राम द्वारा मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स (अंतिम वर्ष) के विद्यार्थियों के लिए एक कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में कंपनी द्वारा लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार प्रक्रिया के माध्यम से चयन किया गया, जिसमें मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स शाखा के 8 अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को कंपनी द्वारा 20,000 प्रति माह (सीटीसी) का पैकेज प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्लेसमेंट गतिविधियों का समन्वय डॉ. मुकेश बंसल, टीपीओ द्वारा किया गया। संस्थान के प्राचार्य राजीव शर्मा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

# 3 घंटे सांकेतिक भूख हड़ताल की

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्प्लॉईज एंड इंजीनियर्स व केंद्रीय ट्रेड यूनियनों तथा ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर मंगलवार को पूरे प्रदेश सब यूनिट स्तर 3 घंटे सांकेतिक भूख हड़ताल करते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया।

इसी कड़ी में हांसी यूनिट में नारनौंद, मुंढाल,सीटी, सब अर्बन हांसी, उमरा में सिसाय में प्रदर्शन करते हुए हरियाणा सरकार व केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। सब डिवीजनों में एसडीओ के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।



हांसी। विरोध प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते बिजली कर्मी। फोटो : हरिभूमि

## राखी गढ़ी महोत्सव के लिए म्यूजियम के पास लगाया जा रहा साढ़े पांच एकड़ में टेंट

# राखीगढ़ी महोत्सव की तैयारियों में जुटा प्रशासन 26 को शुभारंभ करने पहुंचेंगे प्रदेश के मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

गीता महोत्सव की तर्ज पर प्रदेश सरकार ने राखीगढ़ी महोत्सव बनाने की शुरुआत पिछले वर्ष की थी। हड़प्पा कालीन सभ्यता को पूरी दुनिया के सामने लाने के लिए तीन दिवसीय राखीगढ़ी महोत्सव 26 दिसंबर से शुरू होगा। जिसका शुभारंभ करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी पहुंचेंगे। इसके लिए प्रशासन पूरी तैयारी में जुटा हुआ है।

जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक यहां का दौरा करने के बाद लगातार इस पर नजर बनाए हुए हैं। राखी गढ़ी महोत्सव के लिए म्यूजियम के पास ही साढ़े पांच एकड़ में विशाल टेंट लगाया जा रहा है। इसमें पुरातत्व से संबंधित स्टालों, ऐतिहासिक धरोहर, सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं दोबारा बनाई गई कलाकृतियां और स्वादिष्ट व्यंजन के स्टाल लगाएं जाएंगे।



नारनौंद। गांव राखी गढ़ी में म्यूजियम के साथ कार्यक्रम स्थल पर तैयारी करते हुए।

सेल्फ हेल्प ग्रुप की तरफ से अलग अलग 33 स्टॉल, सरकारी विभागों की तरफ से 30 स्टॉल लगाकर लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। मुख्य गेट के पास ही बच्चों के लिए खेलने का किड्स जोन बनाया गया है। वहां पर अलग-अलग प्रकार की एक्टिविटी कर सकेंगे। एक बड़ा स्टेज बनाया जाएगा। और उसके सामने बैठने के लिए कुर्सियां लगाई जाएगी। खेलने का स्थान भी स्टेज के बराबर में ही रखा गया है। उसमें खिलाड़ी खो खो, कबड्डी, कुश्ती, बुर्जुगों की दौड़ सहित अन्य रोमांचकारी खेल देख सकेंगे।

### मुख्यमंत्री का यह रहेगा कार्यक्रम

सुबह 11:00 बजे हेलीपैड पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहुंचेंगे। उसकेबाद मेले का शुभारंभ करके सभी विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों को देखेंगे। फिर कुश्ती का दंगल और कबड्डी के खेल देखकर फिर एग्जीवेशन का शुभारंभ करेंगे। म्यूजियम और टीलों पर जाकर हड़प्पा कालीन सभ्यता से रबरू होंगे।


MEDI CITY
MULTISPECIALITY HOSPITAL & NEURO CARE CENTER
For Excellence in Trauma, I.C.U. & General Health Care
हरियाणा सरकार एवं आयुष्मान भारत, NABH, ESIC के अंतर्गत सभी सेवाएं उपलब्ध।
अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं
- ब्रेन हैमरेज, दिमाग की रसौली
- कमर व गर्दन की डिस्क के ऑप्रेशन की सुविधा
- सिर की चोट • डिलीवरी व MPT की सुविधा
- जहर पीडित मरीजों के उत्तम इलाज की सुविधा
- हड्डी की टूट व हर प्रकार के ऑप्रेशन की सुविधा
- Physiotherapy & Slimming Center
- EEG • MRI Whole Body • Neuro Navigation
- RFL • 3D Spiral CT Scan, Digital X-Ray
- Ambulance की सुविधा Ventilator सहित


Dr. R. Kumar
M.S. (AIIMS, New Delhi)
M.Ch. (PGIMER, Chandigarh)


Dr. Anita Kumari
M.S. (Gyn. & Obs.)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञा

24/7
नोट : अधरंग के मरीजों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए लक्षण शुरू होने के 4 घंटों के अन्दर हस्पताल पहुंचे। अधरंग का टीका 4 घंटे के अन्दर ही लगाया जाता है।
SECTOR 16-17, SOUTH BY PASS, HISAR Mob.: 94160-44519, 9812019350



# कृष-4 में रजत बेदी करेगा खूंखार विलेन का रोल!

**मुंबई।** ऋतिक रोशन की फिल्म कृष-4 बॉलीवुड की कुछ मोस्ट अवेटेड फिल्मों में शुमार है। फिल्म के पिछले सभी पार्ट ब्लॉकबस्टर हिट रहे हैं और चौथे पार्ट का दर्शक काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। इस बार कई चीजें अलग होने वाली है, लेकिन जिस सवाल का जवाब दर्शक काफी वक्त से जानना चाह रहे हैं वो यह, कि इस बार कौन विलेन का रोल प्ले करता नजर आएगा? इस बार खबर है कि रजत बेदी फिल्म में विलेन का रोल प्ले करते नजर आ सकते हैं। रजत बेदी ने फिल्म 'कोई मिल गया' में निगेटिव रोल प्ले किया था और उनके काम की काफी तारीफ हुई थी।

लाइफ Style



# कियारा

## किसी भी इंडस्ट्री में तनाव अच्छा नहीं

दीपिका पादुकोण के आठ घंटे काम करने की मांग करने के बाद इस मुद्दे को लेकर इंडस्ट्री में एक बहस चल रही है। हालांकि, इस मामले पर दीपिका को इंडस्ट्री के कई लोगों का समर्थन भी मिला है। अब इस बहस में नई-नवेली मां बनीं कियारा आडवाणी ने भी एंट्री की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मां बनने के बाद पहली बार कियारा ने अब आठ घंटे काम करने के मुद्दे पर अपनी राय दी है। उन्होंने प्रोफेशनल जिंदगी और पर्सनल जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया है। एक बातचीत में कियारा आडवाणी ने मां बनने के बाद काम और व्यक्तिगत जिंदगी में संतुलन के महत्व को लेकर बात की। आठ घंटे की शिफ्ट पर चल रही बहस के बारे में पूछे जाने पर कियारा ने कहा कि किसी भी इंडस्ट्री में अत्यधिक तनाव किसी के लिए भी अच्छा नहीं होता। मेरे काम करने का तरीका प्रमुख रूप से तीन प्वॉइंट्स पर निर्भर रहता है। ये हैं- गरिमा, संतुलन और सम्मान। ये तीनों आधार मेरे घर पर और मेरे प्रोफेशनल स्टाफ पर भी लागू होते हैं। अपने काम को लेकर कियारा ने बताया कि वह नई स्क्रिप्ट की तलाश कर रही हैं और आने वाली एक बायोपिक को लेकर खासा उत्साहित हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि अब उनके किरदार शैली से ज्यादा कहानी की गहराई पर आधारित होते हैं। अब वह स्क्रिप्ट का चयन कहानी को देखकर करती हैं। उसके जॉनर से कोई लेना-देना नहीं है। बेटी के जन्म के बाद काम को कैसे मैनेज करती हैं, इस पर कियारा ने कहा कि सरायाह के जन्म के बाद से मेंटल हेल्थ मेरी सबसे प्रमुख प्राथमिकता बन गई है।

हॉलीवुड मसाला



# परिवार संग आउटिंग पर निकले

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ियों में शुमार जेंडाया और टॉम होलैंड एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह कोई फिल्म या रेड कार्पेट नहीं, बल्कि एक बेहद सादगी भरा फैमिली मोमेंट है। सगाई के बाद दोनों को पहली बार टॉम होलैंड के पूरे परिवार के साथ एक वीकेंड आउटिंग पर देखा गया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। यह खास आउटिंग लॉस एंजेलिस में आयोजित 'द ट्रेटर्स- लाइव एक्सपीरियंस' के दौरान हुई।



# क्रिस्टोफर की द ओडिसी का ट्रेलर रिलीज...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द ओपेनहाइमर' के बाद क्रिस्टोफर नोलन एक और धमाकेदार फिल्म लेकर दर्शकों के बीच पहुंचने वाले हैं। फिल्म का नाम है, 'द ओडिसी'। इस फिल्म का जब से ऐलान हुआ है, दर्शकों के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है। ट्रेलर में एक्टर मैट डैमन को इथाका के राजा ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने सैनिकों को घर ले जा रहे हैं। 'द ओडिसी' के ट्रेलर में समुद्री दृश्य काफी ज्यादा देखने को मिले हैं, जिन्हें बेहद खूबसूरती से फिल्माया गया है। युद्ध के बाद घर लौटते सैनिक हों या फिर युद्ध के दौरान के हालात। नाव पर सवार सैनिकों के जत्थे वाला सीन रोंगटे खड़े कर देता है। वहीं, ट्रेलर के आखिर में सैनिक की पार्टनर द्वारा लिया गया घर वापसी के वादे वाला सीन काफी मार्मिक है।



# एनिमल के दूसरे पार्ट में भी आएंगी नजर

**मुंबई।** रणबीर कपूर की ऑलटाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' तमाम आलोचनाओं के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। मेकर्स ने पहली फिल्म के अंत में ही फिल्म के दूसरे पार्ट 'एनिमल पार्क' की घोषणा कर दी थी। एनिमल में रणबीर कपूर की बड़ी बहन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सलोनी बत्रा हाल ही में अमेजन एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'भय' में नजर आई हैं। अब सलोनी बत्रा ने रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'एनिमल पार्क' को लेकर बात की। इस दौरान अभिनेत्री ने कंफर्म किया कि वो एनिमल पार्क का हिस्सा होंगी। अपने रोल को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि मैं 'एनिमल 2' में जरूर रहूंगी। लोगों को एनिमल पसंद आई थी, इसलिए मेकर्स एंटरटेनमेंट और एक्शन के लिए इस तरह की फिल्में बनाना चाहते हैं।



# बेटी आराध्या संग न्यू ईयर मनाने निकले

**मुंबई।** बॉलीवुड के सबसे चर्चित और पसंदीदा कपल्स में शुमार ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन एक बार फिर अपनी पारिवारिक बॉन्डिंग को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दोनों को अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां यह कपल फैमिली वेकेशन के लिए रवाना होते नजर आया। एयरपोर्ट पर तीनों का अंदाज बेहद स्टाइलिश, लेकिन कम्फर्टेबल रहा। ऐश्वर्या, अभिषेक और आराध्या तीनों ही ब्लैक आउटफिट में नजर आए, जिसने सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच लिया। हमेशा की तरह ऐश्वर्या ने पैपराजी की मौजूदगी को सहजता से हैंडल किया और मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया। हालांकि, अभी ये साफ नहीं हो पाया है कि आखिर बच्चन फैमिली छुट्टियां मनाने के लिए कहां गई है।

टीवी मसाला



# नागिन 7 में प्रियंका के साथ अब साहिल आएगा नजर...

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में अगर किसी शो का सबसे ज्यादा इंतजार होता है, तो वो है एकता कपूर का सुपरनैचुरल ड्रामा 'नागिन'। इस शो के अब तक 6 सीजन आ चुके हैं और हर सीजन ने टीआरपी के मामले में झंडे गाड़े हैं। अब बारी है 'नागिन 7' की, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है। यह शो 27 दिसंबर को कलर्स टीवी पर दस्तक देने जा रहा है। हाल ही में इस शो को लेकर एक बहुत बड़ी अपडेट सामने आई है, जिसे सुनकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। यह कन्फर्म हो चुका है कि बिग बॉस 16 और उडारियां फेम प्रियंका चाहर चौधरी इस बार नागिन बनकर पर्दे पर आग लगाने वाली हैं। अब नागिन 7 में टीवी के मशहूर एक्टर साहिल उप्पल की भी एंट्री हो गई है। साहिल उप्पल, जिन्हें आपने 'पिंजरा खूबसूरती का' जैसे शोज में देखा है, अब 'नागिन 7' में एक अहम रोल निभाते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि साहिल इस शो में पैरेलल लीड के तौर पर दिखेंगे। हालांकि, साहिल की तरफ से अभी इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन गलियारों में इसकी चर्चा जोरों पर है। सिर्फ प्रियंका और साहिल ही नहीं, इस बार मेकर्स ने कास्टिंग पर काफी मेहनत की है। शो में 'इश्क का रंग सफेद' फेम ईशा सिंह और 'एक दीवाना था' फेम नमिक पॉल भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा विहान वर्मा, रिब्बू मेहरा, कुशाग्र दुआ, प्रतीक्षा राय, निवेदिता पाल और आफरीन दबेस्तानी जैसे कलाकार भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरेंगे।

## मॉडलिंग से की थी कॅरियर की शुरुआत

**नई दिल्ली।** इंडियन टेलीविजन इंडस्ट्री में चार्म, टैलेंट और अपने दमदार काम के लिए मशहूर रवि दुबे ने अपने कॅरियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। रवि ने कभी नहीं सोचा था कि वह टीवी और फिल्म इंडस्ट्री को अपना फुलटाइम पेशा बना पाएंगे, क्योंकि उनके पिता का मानना था कि पढ़ाई एक्टिंग से ज्यादा जरूरी है। टीवी शो सास बिना ससुराल और जमाई राजा में दामाद के किरदार ने रवि दुबे को दर्शकों का चहेता बना दिया। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में जन्मे रवि एक साधारण परिवार से आते हैं। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का शौक था। उनके पिता सिविल इंजीनियर हैं और मां हाउसवाइफ हैं।



साल 2006 रवि दुबे के लिए खास रहा, क्योंकि इसी साल उन्हें शो स्त्री तेरी कहानी मिला। इसके बाद उन्होंने डोली सजा के और यहां के हम सिकंदर जैसे शोज में काम किया। काम तो लगातार मिलता रहा, लेकिन असली पहचान का सफर थोड़ा लंबा था। साल 2010 में आए टीवी सीरियल सास बिना ससुराल से रवि दुबे को पहचान मिली।

# अगस्त्य पर नजरें टिक जाती हैं

## इक्कीस देखकर भावुक हुए अमिताभ

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अपनी नाती अगस्त्य नंदा की आने वाली फिल्म 'इक्कीस' देखने के बाद भावनाएं साझा कीं। बिग बी फिल्म देखने के बाद काफी भावुक हो गए और उनकी फीलिंग्स साफ तौर पर छलक पड़ीं। उन्होंने इसे केवल एक नाना की प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि सिनेमा को गंभीरता से देखने वाले दर्शक की राय बताया। उन्होंने लिखा कि अगस्त्य को स्क्रीन पर देखकर उनके मन में बीते वर्षों की कई यादें एक साथ उमड़ पड़ीं- जन्म से लेकर बड़े होने तक का सफर। लेकिन इन भावनाओं से अलग, उन्होंने अगस्त्य के अभिनय की भी खुलकर सराहना की। बिग बी के मुताबिक, अगस्त्य का अभिनय परिपक्व, सधा हुआ और पूरी तरह किरदार में ढला हुआ है। उन्होंने कहा कि अगस्त्य ने अरुण खेत्रपाल के किरदार को बिना किसी बनावट के निभाया है, जो सीधे दिल तक पहुंचता है। बिग बी ने यह भी कहा कि जब अगस्त्य फ्रेम में होते हैं, तो दर्शक अनायास ही सिर्फ उन्हें देखने लगते हैं। उनके अनुसार, यह किसी पारिवारिक रिश्ते की वजह से कही गई बात नहीं है, बल्कि एक अनुभवी दर्शक की ईमानदार प्रतिक्रिया है। फिल्म की कहानी, लेखन और निर्देशन को भी उन्होंने लगभग बेदाग बताया और कहा कि फिल्म खत्म होने के बाद आंखें गर्व और खुशी के आंसुओं से भर जाती हैं।



'इक्कीस' भारतीय सेना के जांबाज अफसर सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के असाधारण जीवन पर आधारित एक बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा है। यह फिल्म उस वीर सैनिक की कहानी कहती है, जिन्हें 1971 के भारत-पाक युद्ध में अद्भुत साहस दिखाने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। खास बात यह है कि अरुण खेत्रपाल भारत के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता थे। फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक श्रीराम राघवन ने किया है और यह 1 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# धुरंधर की सफलता से बदले रणवीर के तेवर, डॉन 3 से खींचा हाथ...

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह छाए हुए हैं। उनकी फिल्म 'धुरंधर' कमाई के मामले में सबसे आगे निकल चुकी है और साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है। हमजा और जसकीरत के रोल में उन्हें खूब पसंद किया जा रहा है। इस फिल्म के बाद फैंस उन्हें 'डॉन 3' में देखने के लिए बेकरार हो रहे थे, जो लंबे समय से रुकी हुई है। पर ऐसा लग रहा है कि ये इंतजार और लंबा हो सकता है या फिर ये इंतजार कभी खत्म ही ना हो! जी हां, ये खबर आ रही है कि रणवीर ने फरहान अख्तर की इस फिल्म से किनारा कर लिया है। ऐसे में मेकर्स को नए हीरो की तलाश करनी होगी। एक सूत्र ने कहा, 'धुरंधर की अपार सफलता के



बाद रणवीर को यह बिल्कुल स्पष्ट है कि वह आगे किस तरह की फिल्में करना चाहते हैं। वह संजय लीला भंसाली, लोकेश कनगराज और एटली जैसे फिल्म निर्माताओं के साथ काम करने के इच्छुक हैं। वो लगातार गैंगस्टर फिल्मों में नजर नहीं आना चाहते। खासकर तब जब 'धुरंधर' पहले ही इस स्टाइल अपनी पहचान बना चुकी है। यही एक कारण है कि उन्होंने जय मेहता से 'प्रलय' की शूटिंग पहले शुरू करने के लिए कहा है। रणवीर इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने और योजना से पहले ही इसकी शूटिंग शुरू करने के लिए एक्साइटेड हैं।'

### प्रलय की शूटिंग को दी प्राथमिकता

*'प्रलय' अपलॉज एंटरटेनमेंट की फिल्म 'जॉम्बी' पर आधारित है। ये एक मानवीय कहानी बयां करती है कि कैसे एक आदमी सबसे मुश्किल हालातों में भी अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। सूत्र ने बताया, 'अब जब सिंह ने 'डॉन 3' के बजाय अन्य प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी है, तो वे जय मेहता की फिल्म की शूटिंग की तारीखों और शेड्यूल को तय करने में पर्सनली शामिल हैं, ताकि फिल्म का काम तेजी से आगे बढ़ सके।'*

### डॉन 3 हुई पोस्टपोन

*डॉन 3 की बात करें तो एक अंदरूनी सूत्र ने पुष्टि की है, धुरंधर की रिलीज के तुरंत बाद रणवीर को डॉन 3 की तैयारी शुरू करनी थी। हालांकि, मौजूदा हालात को देखते हुए, फिल्म को अब पोस्टपोन कर दिया गया है।' इस एक्शन थ्रिलर मूवी में कृति सेनन हैं। ग्रैंड पैमाने पर बनने वाली इस मूवी की शूटिंग यूरोप की कई लोकेशन पर होगी।*

## न्यू ईयर के लुक के लिए ले सकते हैं टिप्स

# इन सितारों का 2025 में फैशन रहा एकदम टॉप क्लास

*नई दिल्ली। जब बात फैशन की आती है, तो लड़की हो या फिर लड़का हर कोई परफेक्ट दिखने के साथ-साथ कॉन्फिडेंट भी लगना चाहता है। खास तौर पर किसी स्पेशल फंक्शन पर। हम सब भी दिसंबर के अंतिम दिनों में पहुंच चुके हैं और नए साल में एंट्री करने जा रहे हैं। अगर आपका वेकेशन या पार्टी प्लान है और आप ये डिसाइड नहीं कर पा रहे हैं कि न्यू ईयर पर सिमपली कैसे ब्यूटीफुल या हैंडसम दिखा जाए, तो आज हम अपने इस आर्टिकल में आपको उन सितारों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका फैशन गेम 2025 में एकदम हाई रहा है, उनकी एक झलक देखकर फैंस की आंखें उनके खूबसूरत अटायर पर टिक गईं।*

**शाहरुख** : शाहरुख खान बॉलीवुड के बादशाह तो पहले से ही थे, लेकिन साल 2025 में वह फैशन गेम के भी किंग बन गए। उन्होंने इस साल मेट गाला में रेड कारपेट पर डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने सभ्यसाची के डिजाइनिंग क्लोथ पहने। ऑल ब्लैक लुक के सह उन्होंने गले में चैन, एक डायमंड ब्रोच और 18 कैरेट सोने की टाइगर कैन थी। उनके इस लुक की काफी चर्चा हुई।

**आलिया** : आलिया भट्ट को अक्सर दीपिका पादुकोण जैसे सिमिलर कपड़े पहनने के लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता था। हालांकि, इस बार उन्होंने सबकी बोलती बंद की, जब वह कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में गुच्ची गाला आउटफिट में रेड कारपेट पर उतरीं। बेज रंग के इस ब्लाउज के साथ उनकी स्कर्ट में आलिया बहुत ही खूबसूरत लगीं। उन्होंने अपने इस लुक के साथ मिनिमल मेकअप रखा।

**नीता अंबानी** : भारत की सबसे अमीर शख्सियत में से एक नीता अंबानी की डिजाइनर साड़ियां फैंस को बहुत लुभाती हैं। लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम बॉल में इंडियन कल्चर एम्बेसडर बनकर पहुंचीं नीता अंबानी ने इस खास मौके पर कांजीवरम साड़ी पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने सिल्वर एम्ब्रायडरी वाला ब्लाउज कैरी किया हुआ था। अगर आप अपने वेस्टर्न लुक से बोर हो गए हैं, तो नीता अंबानी के इस ट्रेडिशनल लुक को जरूर अपना सकते हैं।



**दिलजीत** : दिलजीत दोसांझ इस बार जब मेट गाला में महाराजा इंस्पायर्ड लुक धारण करके आए थे, तो फैंस उन्हें बस एकटक निहारते ही रह गए थे। प्रबल गौरांग के डिजाइन किए गए व्हाइट शेरवानी के साथ दिलजीत ने टर्बन और तलवार ली थी। उनके इस लुक को अभी तक किसी भी भारतीय के इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर बेस्ट लुक बताया गया था। अगर आप नए साल पर थीम पार्टी का प्लान कर रहे हैं, तो ये लुक जरूर अपना सकते हैं।

**अनन्या** : अनन्या पांडे वेस्टर्न ड्रेस पहने या फिर इंडियन फैंस उनके दीवाने हो ही जाते हैं। 2025 में उनका फैशन गेम भी ऑन रहा, खास तौर पर जब फैंस ने उन्हें एक इवेंट पर ऑरेंज रंग की बनारसी साड़ी में देखा, तो बस एक नजर देखते ही रह गए।

**रणवीर** : साल 2025 में रणवीर सिंह ने अपने अतरंगी फैशन को छोड़कर कुछ ऐसा अपनाया जिससे लोग हैरान रह गए। धुरंधर एक्टर ने कपड़ों की भरपूर लेयरिंग, एक्सपेरिमेंटल सिलुएट्स और बेबाक रंगों का इस्तेमाल किया, जिसने मीम कल्चर और पैपराजी की रील्स दोनों में दबदबा कायम रखा।

**कियारा** : साल 2025 में कियारा आडवाणी ने न सिर्फ रेड कारपेट पर अपना पहला अपीरियंस दिया, बल्कि उन्होंने एक कहानी भी गढ़ दी। गर्भवती होने के बावजूद मेट गाला में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराते हुए, कियारा ने फैशन की सबसे चर्चित शाम को एक ऐसे कल्चरल मोमेंट बना दिया। ब्लैक एंड व्हाइट गाउन पर गोल्डन रंग का हार्ट उनके इस लुक को और भी खास बना रहा था। इस लुक ने फैंस को काफी आकर्षित किया था।

## खबर संक्षेप

### एसएस जैन सभा रतिया की कार्यकारिणी घोषित

**रतिया।** एसएसजैन सभा की बैठक जैन सभा में आयोजित की गई। बैठक के दौरान सभा के प्रधान मनोज जैन मोनू ने एसएस जैन सभा की कार्यकारिणी का घोषणा की। प्रधान मनोज जैन ने बताया कि राजेश कुमार को संरक्षक, सुरेंद्र जैन छिंदी को वरिष्ठ उपप्रधान, निशांत जैन को सचिव, वर्धमान जैन को कोषाध्यक्ष, पवन जैन, निर्मल जैन, मनीष जिंदल गोमा, विनोद जैन बिन्ना को उप्रधान, अश्वनी जैन को मंत्री, पूर्व प्रधान संजय जिंदल संजू, मदन जैन, पुष्पराज जैन, पुरुषोतम जैन, मोहन जैन व अमन जैन टिंकू को सलाहकार नियुक्त किया गया है।

### स्कूल में लगा नेत्र जांच शिविर, 300 की जांच

**सिरसा।** श्रीराम न्यू सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिरसा की संचालिका शशि सचदेवा ने कहा कि विद्यार्थियों का स्वास्थ्य विद्यालय के लिए सर्वोपरि है और स्वस्थ विद्यार्थी ही देश की धरोहर हैं। वे मंगलवार को बाबा बिहारी नेत्रालय में चिकित्सकों द्वारा बच्चों की आंखों की जांच से पूर्व उन्हें संबोधित कर रही थी। उन्होंने बताया कि आंखें वे संवेदी अंग हैं जो प्रकाश के प्रति संवेदनशील होती हैं। उन्होंने कहा कि ये शरीर की सबसे महत्वपूर्ण इंद्रियों में से एक है, जो प्रकाश को छवि में बदलकर मस्तिष्क तक पहुंचाती हैं, जिससे दृष्टि बनती है। इस दौरान बाबा बिहारी नेत्रालय में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. नीरू गिजवानी द्वारा विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के लगभग करीब 300 विद्यार्थियों के नेत्रों की जांच की गई।

### विद्यार्थियों को जूते व स्वेटर वितरित

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलीमोहम्मद में जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर और जूते बांटे। साथ में बच्चों को फलाहार भी करवाया। विद्यालय के प्रवक्ता सतपाल पारीक ने बताया कि समाजसेवी रतन सर्राफ द्वारा बच्चों को जर्सियां वितरित की गई। रतन सर्राफ ने बच्चों को अनुशासन और अपने दैनिक जीवन में नैतिक मूल्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ सदस्य दीवान सिंह, कुलदीप सिंह, अनूप सिंह, मनीष बंसल, मंदीप सिंह, सेवक दास, शिप्रा, ममता, देवेंद्र कौर, सुमन, गीतांजलि गोयल, वीना रानी, सरिता, अनु रानी, अंजू रानी, मनदीप कौर व रेणु आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### अनोखे ढंग से मनाया गया गणित दिवस

**ओढां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मिठड़ी में गणित दिवस को रोचक एवं अनोखे ढंग से मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बंसी तथा इंचार्ज जितेंद्र गर्ग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के लगभग 40 विद्यार्थियों ने मंच पर अपने कार्यशील गणितीय मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यालय के गणित अध्यापक सुखचैन सिंह एवं जसदीप कौर द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्था की गई तथा विद्यार्थियों को मॉडल तैयार करने में मार्गदर्शन दिया गया।

### पुलिस लाइन में मेडिकल शिविर का आयोजन

**सिरसा।** जिला पुलिस द्वारा मंगलवार को पुलिस लाइन सिरसा के सामुदायिक केंद्र में पुलिस जवानों के मानसिक स्वास्थ्य की जांच के लिए काउंसलिंग व स्वास्थ्य संबंधी जांच के लिए मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। जिला पुलिस द्वारा नागरिक अस्पताल के डॉक्टरों के सहयोग से जवानों के मेडिकल चैकअप तथा मानसिक समस्या से निपटने के लिए उक्त शिविर का आयोजन किया गया। यदि पुलिस के जवान पूर्ण रुप से स्वस्थ रहेंगे तो वे वगैर किसी मानसिक तनाव के अपनी डयूटी का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकेंगे। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य मानव जीवन की बहुमूल्य संपति है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य की प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस के जवानों के मानसिक स्वास्थ्य की जांच के लिए समय-समय पर मेडिकल शिविरों का आयोजन करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कैंपों का आयोजन करने का उदेश्य जवानों को बेहतर चिकित्सा देना है।

### बिजली निगम कर्मचारी बोले- ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी तर्कसंगत नहीं

# ऑनलाइन तबादला नीति के विरोध में तीन घंटे भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद/रतिया**

ऑनलाइन तबादला नीति के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने आज जिलेभर में उपमंडल स्तर पर प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक सांकेतिक भूख हड़ताल की। फतेहाबाद में सिटी, सब अर्बन व टी/एल सब यूनिट के कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अधिकारी को बिजली मंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा गया। इसमें बिजली कर्मचारियों ने बिजली निगमों में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू न करने की मांग की गई है। प्रदर्शन की अध्यक्षता सिटी प्रधान संजय कुमारने की व संचालन टीएल सब यूनिट प्रधान कुलदीप बिजारनियां ने किया। इस दौरान यूनिट उपप्रधान पवन कड़वा व यूनिट सचिव रामनिवास शर्मा विशेष तौर पर मौजूद रहे।

भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पवन कड़वा व रामनिवास शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा 23 मई को ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू की गई है, जिसका बिजली कर्मचारी विरोध कर रहे हैं। बिजली जैसे जोखिम भरे विभाग में यह पॉलिसी तर्कसंगत नहीं है। इससे विभाग में एक्सिडेंट रेशो बढ़ जाएगा व बिजली बिलों की रिकवरी में भी भारी दिक्कत आएगी। दूर दराज तबादले होने के बाद कर्मचारी भागदौड़ की स्थिति में रहेगा, वह जनता को चाहते हुए भी अच्छी सेवा नहीं दे पायेगा और अपने परिवार व समाज में भी समय नहीं दे पाएगा। उन्होंने कहा कि इस बारे एसीएस पावर व बिजली मंत्री को बार बार ज्ञापन देकर वाकिफ करवाया गया है, लेकिन सरकार तानाशाही पूर्वक ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू करने पर उतारू है। उन्होंने कहा कि इस नीति का पूरा विरोध किया जाएगा।


फतेहाबाद। ऑनलाइन तबादला नीति के विरोध में भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारी।


सिरसा। स्थानांतरण नीति के विरोध में धरना देते बिजली कर्मचारी।

#### पॉलिसी का विरोध

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि अगर बिजली निगम में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू की जाती है तो इसके गंभीर दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं। नई जगह पर कर्मचारी क्षेत्रीय व्यवस्था से अपरिचित रहेगा जिससे कार्य प्रभावित होगा। फैटल व नॉन फैटल दुर्घटनाएं बढ़ सकती है जिससे जानमाल का नुकसान का खतरा बढ़ेगा। बिलिंग, कैशिंग, ऑडिटिंग जैसे कार्यों में नए स्थान पर दक्षता प्रभावित होगी। आपातकालीन सोवएं सुचारू रूप से नहीं चल पाएंगी, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी होगी। दूरस्थ स्थान पर ट्रांसफर से परिवार से दूरी, आवासीय सहित अन्य समस्याएं हो सकती है।

#### सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**सिरसा।** बिजली कर्मचारियों ने मंगलवार को सिरसा जिले में सर्कल स्तर पर ऑनलाइन स्थानांतरण नीति व अन्य लंबित मांगों के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन नेताओं अधीक्षण अभियंता सिरसा को हरियाणा के बिजली मंत्री व निगम के अतिरिक्त मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपे। यूनियन के केंद्रीय कमेटी सदस्य राजेश भाकर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लागू की जा रही ऑनलाइन स्थानांतरण नीति कर्मचारी हितों के पूर्णतः विरुद्ध है। इस नीति से न केवल बिजली कर्मियों की कार्य सुरक्षा प्रभावित होगी, बल्कि प्रदेश में दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ेगी, जिसका सीधा असर आम जनता की विद्युत सेवाओं पर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में 26 नवंबर को यूनियन के आह्वान पर प्रदेशभर से हजारों बिजली कर्मचारियों ने पंचकूला स्थित अतिरिक्त मुख्य सचिव, विद्युत हरियाणा के कार्यालय का घेराव कर अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया था, लेकिन सरकार व विभागीय प्रशासन द्वारा अब तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है। कर्मचारी नेता राजेश भाकर ने स्पष्ट किया कि सरकार को चाहिए कि वह जबरन नीतियां लागू करने की बजाय बिजली निगम में रिक्त पदों को स्थायी भर्ती के माध्यम से भरे, जिससे कर्मचारियों पर कार्यभार कम हो ।

# सिरसा-ऐलनाबाद-रावतसर को फोर लेन राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग

- सांसद सैलजा ने केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को लिखा पत्र

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा**

सिरसा-ऐलनाबाद-रावतसर मार्ग को चार लेन राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर भारतमाला परियोजना में शामिल करने की क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर ठोस पहल की है। सैलजा ने इस मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में विकसित करने का आग्रह किया है। सांसद कुमारी सैलजा ने मंगलवार को मीडिया को जारी एक बयान में कहा कि यह मार्ग हरियाणा के सिरसा जिले को राजस्थान के रावतसर से जोड़ता है और दोनों राज्यों के आर्थिक, सामाजिक एवं व्यापारिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में यह सडक़ दो राज्यों के बीच संपर्क का एक प्रमुख साधन है।

#### रोजगार के अवसर बढ़ेंगे : सैलजा



सैलजा ने कहा कि यह परियोजना भारतमाला कार्यक्रम के उद्देश्यों बेहतर कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार और रोजगार सृजन को साकार करने में सहायक सिद्ध होगी। क्षेत्र में उद्योगों के विकास और नए रोजगार अवसरों के सृजन की भी व्यापक संभावनाएं बनेंगी। यह क्षेत्र कपास, गेहूं, सरसों एवं अन्य कृषि उत्पादों के लिए जाना जाता है, परंतु उपयुक्त राष्ट्रीय राजमार्ग के अभाव में किसानों एवं व्यापारियों को भारी परिवहन लागत एवं समय की हानि उठानी पड़ती है। सिरसा-ऐलनाबाद-हनुमानगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग के विकसित होने से कृषि-लॉजिस्टिक्स, खाद्य-प्रसंस्करण, वेयरहाउसिंग तथा एमएसएमई गतिविधियों को उल्लेखनीय बढ़ावा मिलेगा।



चोपटा। शिविर में किसानों को जागरुकत करते हुए।

### पशु विज्ञान केंद्र माखोसरानी में जागरूकता शिविर

**चोपटा।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय लुवास के हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र माखोसरानी सिरसा द्वारा किसान सम्मान दिवस पर मंगलवार को जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। लुवास विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर दिनेश ने किसानों एवं पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा लागू किए जा रहे विकसित भारत जी राम जी बिल किसानों के लिए अत्यंत हितकारी सिद्ध होंगे। उन्होंने बताया कि इस बिल के प्रभावी क्रियान्वयन से न केवल विकसित भारत के विजन को मजबूती मिलेगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण भी होगा। इससे किसानों और पशुपालकों की आय में वृद्धि के साथ-साथ पशुपालन क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी। डॉ. दिनेश ने पशुओं में होने वाले विभिन्न संक्रामक एवं गैर-संक्रामक रोगों की जानकारी देते हुए उनके रोकथाम एवं बचाव के व्यावहारिक उपायों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ऑडियो-विजुअल माध्यम से टीकाकरण, स्वच्छता, संतुलित आहार एवं समय पर उपचार के महत्व को सरल भाषा में समझाया।


रतिया। विभागों का निरीक्षण करते एसडीएम।

### एसडीएम ने रैस बसेरों का निरीक्षण किया

**रतिया।** उपमंडलाधीश सुरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को नगरपालिका कार्यालय, सामुदायिक केंद्र, रैन बसेरा, नागरिक हस्पताल और पीडब्ल्यूडी रेस्ट हॉउस का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नगरपालिका कार्यालय का दौरा कर अधिकारियों से विचार-विमर्श किया और शहर में होने वाले विकास कार्यो का जायजा लिया। एसडीएम ने अधिकारियों को विकास कार्य को गति देने के जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को साफ-सफाई बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। एसडीएम ने बढ़ती ठंड के मद्देनजर सामुदायिक केंद्र में संचालित रैन बसेरा का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि साफ-सफाई, पर्याप्त रजाइयों की उपलब्धता, शौचालयों की सफाई, लाईट की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल और गर्म पानी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ठंड से बचाव के लिए रैन बसेरे में सभी मूलभूत सुविधाएं हो और आने वाले जरूरतमंदों नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

# जूनियर नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप में छाए हरियाणा के खिलाड़ी

- लड़कों में जीता खिताब, लड़कियों के वर्ग में हरियाणा रहा उपविजेता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा**

राजस्थान के पिलानी में हुई 49वीं जूनियर नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप की लडक़ों की विजेता व लड़कियों में उपविजेता रही हरियाणा की टीम का मंगलवार को भारतीय ओलंपिक संघ के पूर्व अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने डबवाली रोड स्थित अपने आवास पर आने पर स्वागत किया। इस अवसर पर उनके साथ वालीबॉल फैडरेशन ऑफ इंडिया के सहसचिव सूबे सिंह भी मौजूद थे। हरियाणा वालीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष कर्ण सिंह चौटाला ने भी विजेता एवं उपविजेता टीम को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी। लडक़ों के वर्ग में हरियाणा ने सेमीफाइनल मैच में तामिलनाडू को 3-1 से पराजित कर फाइनल में स्थान बनाया और फाइनल में दिल्ली को 3-1 के अंतर से पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। इसी प्रकार लड़कियों के वर्ग में हरियाणा की टीम उपविजेता रही।


सिरसा। वालीबॉल चैंपियनशिप के विजेता खिलाडिय़ों का सगत करते हुए अभय चौटाला।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने की नशाखोरी पर करारी चोट

# सामूहिक प्रयास से युवा पीढ़ी को नशे से बचाएं: एसपी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा**

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि नशे पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार देने होंगे तभी हम नशा मुक्त समाज की कल्पना कर सकते हैं। नशा हमारे समाज में गंभीर चिंता का विषय है, इसलिए इसको जड़ मूल से समाप्त करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अग्रणीय भूमिका निभानी होगी।

एसपी दीपक सहारण मंगलवार को सिरसा जिले के गांव मतुवाला के राजकीय माध्यमिक स्कूल में नशा मुक्ति पर आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। एसपी ने कहा कि नशे के शिकार लोगों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए हमें हर संभव प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों पर निगरानी रखकर और उचित परामर्श के माध्यम से उन्हें सही दिशा की ओर अग्रसर कर सकते हैं। विद्यार्थियों पर शिक्षकों का बहुत प्रभाव होता है, इसलिए वे भी बच्चों की चेतना जागृत करके उन्हें नशे की बुराइयों के प्रति सचेत करें। उन्होंने बताया कि नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ पुलिस के माध्यम से कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आह्वान किया कि गांव-देहात के सभी युवाओं को खेलों में भागीदारी करते हुए पसीना बहाना चाहिए ताकि उनका शारीरिक विकास हो और वे नाकारात्मक विचारों से बचे रह सकें।


सिरसा। क्षेत्र के सरपंच एसपी को स्मृति चिहन भेंट करते।

#### जहर है नशा : सहारण

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा एक जहर है और इस जहर से अपने बच्चों को बचाने के लिए हम सबको आगे आकर नशा तस्करों के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद करना होगा। नशा तस्करों की सूचना निसंकोच होकर पुलिस प्रशासन को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर स्कूली बच्चों व कलाकारों ने नाटक के माध्यम से नशे पर करारी चोट की। युवाओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर नशे के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाएं और लोगों को समझाएं कि नशा किसी समस्या का समाधान नहीं है।

## खबर संक्षेप

### पतंजलि के प्रभारी हरिद्वार में लेंगे प्रशिक्षण

**रतिया।** फतेहाबाद पतंजलि परिवार के जिला एवं तहसील प्रभारी हरिद्वार में 25 से 28 दिसंबर तक योग गुरु स्वामी रामदेव महाराज के सानिध्य में होने वाले 4 दिवसीय एडवांस योग प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे। समिति के जिला मीडिया प्रभारी सुरेश मंगला ने बताया कि जिला प्रभारी धर्मवीर ललित के नेतृत्व में पतंजलि परिवार की 11 सदस्यीय टीम 24 दिसंबर को हरिद्वार स्थित पतंजलि योग पीठ पहुंचेगी तथा प्रशिक्षण शिविर में योग प्राणायाम की बारीकियों के साथ-साथ आयुर्वेद, स्वदेशी तथा भारतीय शिक्षा बोर्ड की जानकारी हासिल करेगी। इस दौरान संगठन के विस्तार के उपर भी गहन विचार-विमर्श भी किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद पतंजलि परिवार के जिला एवं तहसील प्रभारी अपनी टीम के साथ जिले के हर घर तक योग, आयुर्वेद, स्वदेशी तथा भारतीय शिक्षा बोर्ड को पहुंचाने का काम करेंगे। इस अवसर पर जिले से जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति धर्मवीर ललित, जिला मीडिया प्रभारी सुरेश मंगला, जिला सह-प्रभारी कौशल गौरी, रतिया तहसील प्रभारी देवीलाल चंदौरा, भूना तहसील प्रभारी धर्मपाल, पंतजलि जिला किसान पंचायत प्रभारी महेंद्र सिंह, भट्टूकलां तहसील प्रभारी अनूप कुमार, फतेहाबाद युवा तहसील प्रभारी दीपक कुमार, जाखल तहसील प्रभारी अश्वनि शर्मा, सुरजीत सिंह, चांदी राम प्रशिक्षण शिविर में शिरकत करेंगे।



### चयनित मरीजों के किए गए आंखों के ऑपरेशन

**रतिया।** लायंस क्लब रत्तिया टाउन द्वारा लगाए गए मुफ्त आंखों के ऑपरेशन कैंप के दूसरे दिन क्लब द्वारा 25 नेत्र रोगियों की आंखों के ऑपरेशन किए गए। इसके अलावा आज प्रथम दिन के रोगियों को दवाई, चश्मे आदि मुफ्त वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रधान कपिश गुप्ता, सचिव शिव सोनी, परियोजना अधिकारी कुलदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश जैन, कमलेश ग्रोवर, सीजे मालिक, सुरेश जैन, सौरभ गर्ग, डॉक्टर रमेश गुप्ता, सुशील बिश्नोई, सलिल मैहता सहित बालकर सिंह ,गुरमुख सिंह प्रदीप कुमार विकास अमित हन्नी शीतल गीता रजनी अभिषेक अमरिंदर बिट्टू उपस्थित थे। कपिश गुप्ता ने बताया कि कैंप में आंखों की जांच, ऑपरेशन और दवाएं मुफ्त प्रदान की जा रही है। हमारा उद्देश्य आंखों की समस्याओं से पीड़ित लोगों को मुफ्त इलाज प्रदान करना है और उन्हें एक बेहतर जीवन प्रदान करना है। सचिव शिव सोनी व परियोजना अधिकारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि अबतक 50 नेत्र रोगियों की आंखों के ऑपरेशन किए जा चुके हैं। सभी मरीजों को चाय, दूध व बिस्कुट आदि के लंगर की सेवा लायन कमलेश ग्रोवर परिवार द्वारा उपलब्ध करवाया गया।

### डीसी-एसपी 24 को करेंगे रात्रि प्रवास, सुनेंगे समस्याएं

**टोहाना।** रात्रि प्रवास के अंतर्गत उपमंडल टोहाना व उप तहसील जाखल के गांव गुल्लरवाला के राजीव गांधी सेवा केंद्र में 24 दिसंबर बुधवार को सायं 5 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एसडीएम आकाश शर्मा ने बताया कि रात्रि प्रवास के दौरान उपायुक्त डॉ विवेक भारती और पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ग्रामीणों से समन्वय स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं से अवगत होकर उनका समाधान करवायेंगे। सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में रात्रि प्रवास के दौरान ग्रामीणों से संवाद द्वारा अवगत हुई समस्याओं का निवारण मौके पर ही किये जाने का प्रयत्न किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पहल के माध्यम से जिला प्रशासन का उद्देश्य गांवों में अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना और समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। रात्रि प्रवास कार्यक्रम में गांव का कोई भी नागरिक इस दिन अपनी समस्या जिला प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे जो मौके पर ही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

### फतेहाबाद में सैकड़ों जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**फतेहाबाद।** सर्दी के मौसम में जब लोग अपने घरों में दुबककर बैठे रहते हैं, तब भी बुलंद उड़ान संस्था के सदस्य कड़ाके की ठंड में घर से बाहर निकलकर जरूरतमंदों की मदद करने में जुटे हुए हैं। इस वर्ष संस्था ने फतेहाबाद में सैकड़ों जरूरतमंद व गरीब परिवारों को गर्म कम्बल वितरित किए हैं। यह अभियान 'युवा अनस्टोपेबल' द्वारा संचालित और एस्ट्रोटॉक फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया है। संस्था की संस्थापिका अंजू वर्मा के मार्गदर्शन से संस्था के सचिव सुखदेव वर्मा, टीम सदस्य पवन, अरुण के साथ-साथ बुलंद उड़ान संस्था के युवा उद्यमी, जिनमें निशा, अमन, राधा, नेहा, मनीष, आरजू, संजना और सुखप्रीत शामिल हैं, भी बढ़-चढकर इस कम्बल वितरण अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। ये सभी अपने-अपने गाँवों और आस-पास के इलाकों में ठंड से कांपते लोगों तक कम्बल पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बुलंद उड़ान संस्था न सिर्फ सर्दियों में बल्कि हर साल जब भी कोई महामारी, बाढ़ या आपदा आती है, तब आगे आकर लोगों की मदद करने में अग्रसर रहती है। इस अभियान से न केवल ठंड से बचाव होता है, बल्कि समाज में दया और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है।



### टॉपर बच्चों का दल शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना

**फतेहाबाद।** समग्र शिक्षा फतेहाबाद के तत्वावधान में जिले के विज्ञान विषय के टॉपर विद्यार्थियों को एक दल उत्तर प्रदेश के विभिन्न दर्शनीय स्थलों के शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण में सात छात्राएं, एक छात्र तथ एक अध्यापिका शामिल है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना संयोजक अनीता बाई ने बताया कि समग्र शिक्षा के तहत विज्ञान विषय में टॉपर रहे लगभग 100 विद्यार्थियों को विभाग की ओर से शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा गया है, जिसमें फतेहाबाद जिले के 8 विद्यार्थी शामिल है। उन्होंने कहा कि होनहार विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस तरह की गतिविधियां आयोजित की जाती है ताकि विद्यार्थियों में विज्ञान विषय के प्रति रूचि उत्पन्न हो। सहायक परियोजना संयोजक निहाल सिंह ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण के तहत विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश के आगरा में ताजमहल, आगरा फोर्ट, मथुरा, वृंदावन सहित अनेक धार्मिक स्थलों का भ्रमण करवाया जाएगा तथा वहां के ऐतिहासिक महत्व बारे जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि फतेहाबाद से यह दल अम्बाला के लिए रवाना किया गया, जहां से विभाग द्वारा पूरे प्रदेश के विज्ञान विषय के टॉपर विद्यार्थियों को इकट्ठा करके इन दार्शनिक स्थलों पर ले जाया जाएगा।

### रमेश कुमार सहायक उपनिरीक्षक पदोन्नत



**फतेहाबाद।** पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन और लगातार बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए मुख्य सिपाही रमेश कुमार को सहायक उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने उन्हें बधाई दी और स्टार लगाकर सम्मानित किया। एसपी ने कहा, रमेश कुमार जैसे समर्पित और ईमानदार अधिकारी हमारे विभाग की बड़ी ताकत हैं। उनके कार्य और अनुशासन ने इस पदोन्नति को पूरी तरह योग्य बनाया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि वे नई जिम्मेदारी को भी पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ निभाएंगे। पदोन्नत अधिकारी रमेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा। कार्यक्रम में अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और सहयोगियों ने भी रमेश कुमार को बधाई दी।

**खुली बोली**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भैणी बादशाहपुर खण्ड बरवाला जिला हिसार के दो तालाबों रामदेव मंदिर वाला तालाब और गऊशाला वाला तालाब में मछली पालन हेतु 8 वर्षों के लिए पट्टे पर देने की खुली बोली 30 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे कम्युनिटी सेंटर गांव भैणी बादशाहपुर में होगी। जिसकी सिक्योरिटी राशि 50000/-(पचास हजार रुपए) प्रति तालाब होगी। बाकी शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।
नोटः गऊशाला वाला तालाब एससी वर्ग के लिए रिजर्व है।

श्री निहाल सिंह,
सरपंच ,ग्राम पंचायत भैणी बादशाहपुर (हिसार)
मो. नं.94663-42342 अमित कुमार
ग्राम सचिव, ग्राम पंचायत भैणी बादशाहपुर (हिसार)
मो.न. 94669-83550

## खबर संक्षेप

### मास्टर्स एथलेटिक स्पर्धा 27 से गुजवि में

**हिसार।** हरियाणा स्टेट मास्टर्स एथलेटिक प्रतियोगिता 27 दिसम्बर गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के स्पोर्टस कॉम्लैक्स में होगी। इसमें 30 प्लस वर्ष से ऊपर 100 प्लस तक महिला और पुरूष खिलाड़ी भाग ले सकते है। प्रदेश महासचिव चरणजीत सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में 100, 200, 400, 800, 1500, 5000, 10000 मीटर दौड़, 5 कि.मी. पैदल चाल, गोला फेंक, तार गोला फेंकना, चक्का फेंक में भाग ले सकते हैं।

### गुजवि के शोधार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी विभाग के शोधार्थियों ने फिजियोथेरेपी विषय पर ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसिज, नई दिल्ली (एम्स) में हुई 11वीं अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में शोध पत्र प्रस्तुति तथा पोस्टर प्रस्तुति में शानदार प्रदर्शन किया है। मोनिका शर्मा के शोध पत्र ने प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि मोनिका रानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### मास्टर मोलड़ सिंह आर्य पंचतत्व में विलीन

**उकलाना।** खंड उकलाना के गांव सूरेवाला निवासी संघर्षशील शिक्षक, मजदूर-किसान आंदोलनों के अग्रणी नेता मास्टर मोलड़ सिंह आर्य का निधन हो गया। उनका जन्म 20 जुलाई 1947 को हुआ था। उन्होंने बी.ए., बी.एड. की शिक्षा प्राप्त करने के बाद 6 दिसंबर 1966 को अस्थायी तथा 20 नवंबर 1968 को स्थायी शिक्षक के रूप में नियुक्ति पाई। 1967 में वे संगठन से जुड़ गए थे। वे 1968 से 1971 तक वे खंड प्रधान चुने गए।

### प्रदीप सांगवान का एसडीओ के पद पर चयन

**सिवानी।** गांव गांवड के होनहार युवा प्रदीप सांगवान ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रदीप सांगवान का दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में एसडीओ के पद पर चयन हुआ है। प्रदीप का मात्र एक वर्ष के भीतर चार सरकारी नौकरियों में चयन हुआ, लेकिन उन्होंने अब बिजली निगम में एसडीओ के पद पर कार्यभार संभालने का निर्णय लिया है। प्रदीप गांव गांवड निवासी व क्षेत्र के समाजसेवी राजेंद्र सांगवान के पुत्र हैं।

### पंचायती झोटा चोरी केस में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** मंगाली चौकी पुलिस ने गांव डाया और मंगाली का पंचायती झोटा चोरी के मामले में एक आरोपी मुजफ्फर नगर निवासी अशरफ को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मंगाली पुलिस चौकी में 20 मार्च को डाया और मंगाली गांव का पंचायती झोटा चोरी होने के बारे डाया गांव के सरपंच की शिकायत दर्ज की गई थी।

### बिजली मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**बरवाला।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन मुख्यालय हिसार संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द करने को लेकर थर्मल खेदड़ में विरोध प्रदर्शन कर बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर सर्कल सचिव देवेंद्र भारद्वाज, प्रमोद जांगड़ा, शमशेर सिंह प्रधान, दिलबाग भट्टू, सुभाष कतीरा, मधु बाला, संजीत मान, रणवीर राठी व मनोज दहिया उपस्थित रहे।

### सोने की अंगूठी व नकदी हड़पने वाला गिरफ्तार

**हिसार।** थाना शहर पुलिस ने बस स्टैंड हिसार पर एक बुजुर्ग व्यक्ति से धोखाधड़ी कर सोने की अंगूठी व नकदी हड़पने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी नयाना निवासी सुरेंद्र को गिरफ्तार किया है। मामले में जांच अधिकारी उप निरीक्षक मन मोहन ने बताया कि शहर थाना में सुबे सिंह निवासी गांव जेवरा ने शिकायत दी कि 11 दिसंबर को वह गर्ग अस्पताल से दवाई लेकर लौट रहे था तब यह ठगी हुई।

## सुकून केंद्र में 870 से अधिक पीड़ितों की काउंसलिंग की

# नशे से टूटते परिवारों को संबल देकर बचा रहा सुकून केंद्र

**जिला नागरिक अस्पताल में है सुकून केंद्र**


**हिसार।** घरेलू हिंसा से पीड़ित व्यक्ति की काउंसलिंग करते सुकून काउंसलर राहुल शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नशा आज समाज के लिए सबसे बड़ा अभिशाप बन चुका है। यह केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार की खुशहाली, सुरक्षा और भविष्य को भी निगल रहा है। जब घर का कोई सदस्य नशे की गिरफ्त में आता है, तो उसका सीधा असर पत्नी, बच्चों और बुजुर्ग माता-पिता पर पड़ता है। आर्थिक तंगी, घरेलू हिंसा, बच्चों की पढ़ाई में बाधा और महिलाओं पर बढ़ता मानसिक दबाव, ये सभी नशे की भयावह सच्चाइयां हैं, जो कई हंसते-खेलते परिवारों को बिखेर देती हैं। इन्हीं पीड़ित परिवारों को संबल देने के उद्देश्य से हरियाणा स्टेट हेल्थ रिसोर्स सेंटर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला नागरिक अस्पताल में स्थापित सुकून केंद्र एक आशा की किरण बनकर उभरा है। इस केंद्र के माध्यम से 870 से अधिक पीड़ितों को काउंसलिंग, कानूनी सहायता, चिकित्सकीय सहयोग और सुरक्षा संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जा चुका है। सुकून केंद्र नशे और घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं व परिवारों के लिए एक नई शुरुआत का माध्यम है।

### महिलाओं के लिए अहम सुझाव

- महिलाएं ऋण लेते समय स्वयं हस्ताक्षर करें और ऋण राशि का उपयोग स्वरोजगार या सुरक्षित उद्देश्य के लिए ही करें।
- नशा करने वाले या ऑनलाइन जुआ खेलने वाले पति को एटीएम कार्ड, पासबुक और महत्वपूर्ण दस्तावेज न दें।
- यदि परिवार का कोई सदस्य नशे से ग्रस्त है, तो उसे उपचार हेतु नशा मुक्ति केंद्र अवश्य ले जाएं।
- घरेलू हिंसा को चुपचाप सहन न करें और आगे आएं।
- हिंसा से पीड़ित महिलाएं सुकून केंद्र, महिला हेल्पलाइन 112 / 1091, महिला थाना एवं महिला आयोग में शिकायत अवश्य दर्ज कराएं।

### केंद्र में प्रमुख सेवाएं

सुकून काउंसलर राहुल शर्मा ने बताया यहां निःशुल्क काउंसलिंग सेवाएं, महिला अधिकारों से संबंधित जानकारी, आवश्यक चिकित्सकीय जांच एवं उपचार, पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के लिए मार्गदर्शन, निःशुल्क कानूनी सलाह व सहयोग, अन्य सरकारी योजनाओं एवं सहायक नेटवर्क से संपर्क, आवश्यकता अनुसार फॉलो-अप सहायता शामिल हैं।

### सुकून केंद्र में पहुंचे दर्दनाक मामले

**केस–1:** जिला हिसार के समीप एक गांव की 25 वर्षीय महिला, जिसकी शादी सिरसा जिले में हुई थी, शादी के कुछ वर्षों बाद पति की नशे की लत का शिकार हो गई। नशे की हालत में पति द्वारा मारपीट, गाली-गलौज और घर से निकाल देना आम हो गया। स्थिति इतनी भयावह हो गई कि नशे के लिए पैसे न देने पर वह अपनी मां और पत्नी को जान से मारने का प्रयास करने लगा। पीड़ित मां-बहू सुकून केंद्र पहुंचीं, जहां उनकी काउंसलिंग कर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई, आत्मविश्वास बढ़ाया गया तथा महिला थाना में शिकायत दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई में सहयोग किया गया। साथ ही नशे से ग्रस्त व्यक्ति को नशा मुक्ति उपचार के लिए प्रेरित किया गया।

**केस–2:** जिला हिसार निवासी 33 वर्षीय महिला, जिनकी शादी भिवानी जिले में हुई थी और जो एक विभाग में क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं, को शादी के कुछ वर्षों बाद पता चला कि पति नशे का आदी है। जब महिला ने पति को नशा छोड़ने के लिए कहा, तो उसने उल्टा पत्नी पर आरोप लगाने शुरू कर दिए। विरोध करने पर मारपीट और मानसिक उत्पीड़न बढ़ गया। पीड़िता ने सुकून केंद्र में पहुंचकर सहायता ली, जहां काउंसलिंग के माध्यम से उसे महिला अधिकारों, कानूनी विकल्पों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई।

**केस–3:** जिला हिसार की एक कॉलोनी निवासी 19 वर्षीय युवती ने प्रेम विवाह किया था। शादी के मात्र सात माह के भीतर ही पति ने पत्नी के नाम से कई ऋण ले लिए और पूरी राशि नशे में खर्च कर दी। इसके बाद ऋण चुकाने का दबाव पत्नी पर बनाने लगा। विरोध करने पर नशे की हालत में उसके साथ गंभीर मारपीट की गई। घायल अवस्था में महिला सुकून केंद्र पहुंची, जहां उसका तत्काल चिकित्सकीय उपचार कराया गया, संबंधित थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई तथा काउंसलिंग के माध्यम से उसे कानूनी, व्यावहारिक एवं सुरक्षा संबंधी मार्गदर्शन दिया गया।

# आरपीएस स्कूल में गीत-संगीत से किसानों के प्रति व्यक्त की श्रद्धा

- किसान दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी


**हांसी।** किसान दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते तहसीलदार अनिल कुमार। उनके साथ हैं स्कूल प्रबंधक डॉ. संदीप देसवाल व अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

आरपीएस पब्लिक स्कूल में मंगलवार को किसान दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि तहसीलदार अनिल कुमार और विद्यालय प्रबंधन अध्यक्ष डॉक्टर संदीप देसवाल द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, माला अर्पण व तिलक लगाकर की गई।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कविता पाठ, भाषण, नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ भारत के अन्नदाता किसानों के प्रति अपनी श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से किसानों के संघर्ष, मेहनत और त्याग का मार्मिक चित्रण किया। विद्यालय प्रबन्धक डॉ संदीप देसवाल ने किसान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मनुष्य में जीवन में किसानों के महत्व पर प्रकाश डाला।

# लोकहित मंच ने श्री हरियाणा गोशाला में कर्मचारियों को बांटे जूते व कंबल

- कानूनी सलाहकार मनोज जैन के जन्मदिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी


**हांसी।** श्री हरियाणा गोशाला के कर्मियों को कंबल व जूते प्रदान करते लोकहित मंच के सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

लोकहित मंच के तत्वावधान में मंगलवार को तोशाम रोड़ स्थित श्री हरियाणा गोशाला में गोशाला कर्मियों के लिए जूते एवं कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह सेवा कार्यक्रम संस्था के कानूनी सलाहकार मनोज जैन के जन्मदिवस के अवसर पर उनके विशेष सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोकहित मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा गौशाला में कार्यरत कर्मियों को ससम्मान जूते एवं कंबल भेंट किए गए।

इस अवसर पर संस्था के महासचिव मनमोहन तायल ने कहा कि गोशाला कर्मी दिन-रात गोमाता की सेवा में समर्पित रहकर निस्वार्थ भाव से अपना कर्तव्य निभाते हैं। कार्यक्रम के संयोजक सुनील दुहन ने बताया कि मंच हमारे अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया के नेतृत्व मे सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के तहत समय-समय पर जनहित के कार्य करता रहा है। गोशाला के मैनेजर बहादुर सैनी की ओर से लोकहित मंच एवं मनोज जैन एडवोकेट का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष सुशील गुप्ता, दिनेश गोयल, पवन गर्ग उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी वर्कर्स के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

- हांसी 2 ब्लॉक की 100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी


**हांसी।** पोषण भी पढ़ाई भी कार्यशाला में आंगनबाड़ी वर्करों को प्रशिक्षण देती पोषण समन्वयक अनीता व संवेदना यादव। *फोटो :हरिभूमि*

महिला एवं बाल विकास विभाग, हिसार की ओर से पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हांसी 2 ब्लॉक की 100 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को गुणवत्तापूर्ण, आनंददायक एवं गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराना है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण में रॉकेट लर्निंग से जिला समन्वयक महिमा शर्मा एवं निशि मोर विशेष रूप से मौजूद रही। इस अवसर पर पोषण समन्वयक अनीता सहित हांसी 2 से पर्यवेक्षक संवेदना यादव और राजकला भी उपस्थित रहीं और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# हकृवि विकसित कर रहा उन्नत कृषि तकनीक

- हकृवि में किसान दिवस समारोह आयोजित, प्रदेश के 42 किसानों को किया सम्मानित
- सिरसा जिले के आशीष मेहता को मिला किसान रत्न पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** समारोह में सम्मानित प्रगतिशील किसानों के साथ मुख्यातिथि तथा समारोह में मुख्यातिथि से किसान रत्न पुरस्कार लेते आशीष मेहता। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में किसान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह में कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सिरसा के गांव सुकेरा खेड़ा के आशीष मेहता को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रदेश भर के 42 किसानों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि बात चाहे देश की रक्षा की हो या खाद्य सुरक्षा की यह प्रदेश सदा आगे रहा है। हरियाणा प्रदेश 1 नवम्बर 1966 को जब अलग राज्य बना, उस समय खाद्यान्न उत्पादन वर्ष 1966-67 के दौरान मात्र 25.92 लाख टन था जो अब बढक़र लगभग आठ गुणा हो गया है।

### जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयास

कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि जलवायु परिवर्तन भी आने वाले समय में कृषि के लिए अनेक समस्याएं उत्पन्न करने वाला हो सकता है। अधिक गर्मी, बाढ़, सूखा, चक्रवात तथा ग्लेशियरों के पिघलने से कई तरह की समस्याएं उत्पन्न होने वाली हैं जो हमारे खाद्यान्न उत्पादन को भी प्रभावित करेंगी। बढ़ती आबादी व बदलते जलवायु में पैदावार को किस तरह बढ़ाएं यह सब उपाय करने की जिम्मेदारी हमारे कृषि वैज्ञानिकों के कंधों पर है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए हकृवि ने कृषि तकनीकों के साथ कम पानी में उगाई जाने वाली किस्में, उच्च ताप रोधी किस्में विकसित करने के अलावा अधिक पैदावार देने वाली मिलेट एवं चारा फसलों की किस्में भी विकसित की जा रही है।


**हिसार।** गुजवि की टीम ने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय योगा (पुरुष) चैम्पियनशिप में जीता स्वर्ण पदक। *फोटो :हरिभूमि*

### गुजवि की ट्रेडिशनल योगा टीम ने जीता स्वर्ण

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय योगा (पुरुष) चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया है। इस चैम्पियनशिप का आयोजन वेल्स इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड एडवांस्ड स्टडीज, पल्लवराम कैम्पस, चेन्नई में किया गया। गुजवि की ट्रेडिशनल योगा टीम ने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विजेता टीम को बधाई दी। खेल निदेशालय के अधिष्ठाता प्रो. आशीष अग्रवाल ने व खेल निदेशक डा. एस.बी. लुथरा ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में देशभर से 44 शिक्षण संस्थानों की टीमों ने भाग लिया। गुजवि की टीम में अर्जुन परमार, अरनव, अनिकेत, मेहतब, दीपक सपुत्र श्री सुभाष चंद्र, भावेश सैनी, दीपक सपुत्र श्री महाबीर सिंह व अमित कुमार शामिल थे। टीम का नेतृत्व टीम मैनेजर बसंत कुमार व अमित कुमार ने किया।

# कराटे चैंपियनशिप में हिंदू स्कूल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

- 5वीं हरियाणा स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप में 4 स्वर्ण समेत 9 पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी


**हांसी।** पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते स्कूल निदेशक अनिल कुमार व कोच।

केसीएम आर्मी सीनियर सेकेंडरी स्कूल तिगड़ाना में आयोजित 5वीं हरियाणा स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप 2025 में हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कराटे खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण, 3 रजत व 2 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय, अपने अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन ऑल इंडिया शीटो आरयु कराटे आर्गेनाइजेशन द्वारा किया गया, जिसमें हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कड़े और रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जिनमें हिंदू स्कूल के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का शानदार परिचय दिया। प्रतियोगिता में हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र केशव, सुशील, प्रत्युष व हिमांशु सैनी ने स्वर्ण, निशांत, हिमांशु यादव व पुर्व ने रजत तथा शिखर व अक्षित ने कांस्य पदक हासिल किए।विद्यालय प्रबंधन समिति व स्कूल प्राचार्या अनिल कुमार ने सभी पदक विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।


**नारनौंद।** पीएचसी में डिलीवरी के बाद महिला के साथ खड़े हुए डॉ अंजू दलाल व टीम के अन्य सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

### खेड़ी चोपटा पीएचसी में गूंजी पहली बार किलकारी

**नारनौंद।** खेड़ी चोपटा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मंगलवार को पहली सफल डिलीवरी हुई हैं। सरकार की तरफ से कुछ समय पहले ही यह सुविधा यहां पर शुरू की गई थी। इससे पहले महिलाओं को डिलीवरी करवाने के लिए दूर दराज के शहरों में जाना पड़ता था। ग्रामीणों ने कहा कि यह स्वास्थ्य विभाग की सराहनीय पहल है। चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजु दलाल ने जानकारी देते हुए बताया कि खेड़ी चोपटा पीएचसी में डिलीवरी की सुविधा शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में मंगलवार को पहली डिलीवरी हुई है। भविष्य में भी गर्भवती महिलाएं बिना किसी डर के पीएचसी में डिलीवरी के लिए आ सकती हैं। पहली डिलीवरी करवाने के खेड़ी लोहचब की शिवानी पत्नी अजय हमारे पास पहुंची और कुछ इस समय बाद उसकी नॉर्मल डिलीवरी कर दी गई।

# श्री श्याम ताली संकीर्तन परिवार ने निकाली निशान यात्रा, गूंजे जयकारे

- श्याम रथ चलाने के लिए श्याम प्रेमी स्वयं बने सारथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवानी


**सिवानी।** निशान यात्रा में हिस्सा लेते श्याम प्रेमी। *फोटो :हरिभूमि*

श्री श्याम वार्षिक महोत्सव से दो दिन पहले शहर की धार्मिक संस्था श्री श्याम ताली संकीर्तन परिवार द्वारा मंगलवार को दुःख निवारण श्री श्याम निशान यात्रा सिवानी में बड़ी धूमधाम से निकाली गई, जहां भक्तों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और पूरा शहर भक्तिमय हो गया। इस दौरान जगह जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। खास बात ये रही कि श्याम रथ चलाने के लिए श्याम प्रेमी स्वयं सारथी बने जिसे सभी भगतों ने अपने हाथों चलाकर पूरे शहर का भ्रमण किया। संस्था के प्रधान अशोक मित्तल ने बताया कि कड़ाके सर्दी पड़ने के बावजूद श्याम प्रेमी और महिलाओं ने जमकर भजनों का आनन्द लिया। इस दौरान शहर के लोगों ने श्याम रथ में विराजित फूलों से सजे बाबा श्याम का आकर्षक दरबार की काफी सराहना की। श्याम निशान यात्रा अनाज मंडी स्थित श्री राम मन्दिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य बाजार की परिक्रमा करते हुए अग्रसेन भवन तक पहुंची।

## पीजीएसडी के पदाधिकारियों की मीटिंग में मंथन

# 800 छात्रों के नए एडमिशन करेंगे : गर्ग

**नववर्ष पर शिवालय मंदिर में होगा भजन समारोह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


**हिसार।** मीटिंग में संबोधित करते पीजीएसडी शिक्षा संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग।

पीजीएसडी शिक्षण संस्थान के पदाधिकारियों की मीटिंग संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में स्कूल के सौंदर्यकरण, विद्यार्थियों के नए एडमिशन व नववर्ष के कार्यक्रम बाबत विचार किया गया। पीजीएसडी शिक्षण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि नव वर्ष के उपलक्ष में 1 जनवरी 2026 को शिवालय मंदिर में भव्य भजन समारोह का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद वितरण किया जाएगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि पीजीएसडी शिक्षण संस्थान में नए सेशन में 800 विद्यार्थियों के नए एडमिशन किए जाएंगे। विद्यार्थियों के नए एडमिशन के लिए स्कूल ने हर प्रकार की मूलभूत सुविधा का प्रबंध किया गया है। स्कूल में स्मार्ट एलईडी क्लास, कंप्यूटर क्लास, एसी रूम, लाइब्रेरी, लैबोरेट्री, लिफ्ट, डिस्पेंसरी, म्यूजिक क्लास आदि पांचों स्कूलों का पूरी तरह सौंदर्य करण करवाया गया है।

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर नारायण दास बंसल, सुरेंद्र सिंगला, कैलाश चौधरी, रमेश लोहिया, प्रवीण जैन, ओम प्रकाश असीजा, मुख्य अध्यापक सतेंद्र गोयल, पितरू मल गोयल, गोपाल बंसल, रामनिवास कोहली आदि ने भाग लिया।*